**सं.ए-45011/4/2020-प्रशा.III**
**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**(आर्थिक कार्य विभाग)**
********

नई दिल्ली, दिनांकः सितम्बर, 2020

**कार्यालय ज्ञापन**

अधोहस्ताक्षरी को आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित अगस्त, 2020 माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार के अवर्गीकृत भाग को परिचालित करने का निदेश हुआ है।

सुरिन्दर पाल सिंह

**(सुरिन्दर पाल सिंह)**
**संयुक्त सचिव, भारत सरकार**
**दूरभाष**: 23092100

सेवा में,

1. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. उपाध्यक्ष नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के उप राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद मार्ग, नई दिल्ली।
6. प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
7. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
8. सभी सदस्य, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
9. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव, नई दिल्ली।
10. राज्य मंत्री (वित्त) के निजी सचिव, वित्त सचिव के प्रधान निजी सचिव, सचिव (आर्थिक कार्य) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (राजस्व) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (व्यय) के प्रधान निजी सचिव, सचिव(दीपम) के प्रधान निजी सचिव।
11. मुख्य आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
12. अपर सचिव (श्री ए. गिरिधर), मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
13. डॉ. सी.एस. महापात्रा, अपर सचिव(एफएस एंड सीएस), आर्थिक कार्य विभाग।
14. श्री के. राजारामन, अपर सचिव (प्रशासन एंड निवेश), आर्थिक कार्य विभाग।
15. श्री समीर कुमार खरे, अपर सचिव (एफबी एंड एडीबी), आर्थिक कार्य विभाग।
16. सुश्री मीरा स्वरूप, अपर सचिव और वित्त सलाहकार (वित्त)।
17. श्री ए.एम. बजाज, अपर सचिव (एफएम), आर्थिक कार्य विभाग।
18. श्री संजीव सान्याल, प्रधान आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
19. आर्थिक कार्य विभाग के सभी प्रभागाध्यक्ष।
    संयुक्त सचिव (बजट) / संयुक्त सचिव (आईपीएफ) / संयुक्त सचिव (बीसी एंड आईईआर) /संयुक्त सचिव(निवेश) / सलाहकार (सीएंडसी/एफएसएलआर/एफएस एंड सीएस) / सलाहकार (आईईआर) /सीएए।
20. श्री राजेश मल्होत्रा, अपर महानिदेशक (एम एंड सी), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
21. गार्ड फाइल - 2020

सं. ए-45011/4/2020-प्रशा.III
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)

**विषय: अगस्त, 2020 माह के दौरान आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार।**

## 1. वृहत-आर्थिक सिंहावलोकन

भारत अनलॉक होने से, प्रतीत होता है कि सबसे बुरा समय गुजर चुका है क्योंकि उच्च आवृति संसूचकों से ज्ञात हुआ है कि अप्रैल 2020 में गिरावट से वापसी करते हुए मई और जून में सुधार दृष्टिगोचर हुआ है। तथापि, बढ़ते कोविड-19 मामलों और रुक-रुक कर राज्य लॉकडाउन लगते रहने के कारण जोखिम बना हुआ है। सामान्य मॉनसून (दीर्घ-अवधि औसत के 102% पर) कृषि-क्षेत्र के लिए बड़ा ही शुभ संकेत है, जिससे संभावना है कि 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोविड वैश्विक महामारी के प्रकोप से राहत मिलेगी। निर्यातों की प्रभावशाली बहाली से सुनिश्चित हुआ कि कच्चे तेल और सोने की कीमतों में वृद्धि होने के बावजूद जून 2020 में भारत ने 0.8 बिलियन अमरीकी डॉलर का व्यापार अधिशेष दर्ज किया। तत्पश्चात् एक दशक से अधिक समय में ऐसा पहली बार हुआ कि जनवरी-मार्च की तिमाही में चालू खाता अधिशेष हो गया है। भरपूर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, एफपीआई प्रवाह फिर से उभर आने और चालू खाता अधिशेष हो जाने से विदेशी मुद्रा भंडार आधे ट्रिलियन चिह्न को पार कर गया, जिससे भारत के आयातों का एक वर्ष बच गया। सारणी प्रारूप में महत्वपूर्ण सूचना का ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

## 2. अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम

2.1 गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों/आवास वित्तीय कंपनियों की नकदी स्थिति में विशेष प्रयोजन व्यवस्था (एसपीबी) के माध्यम से सुधार लाने के लिए ताकि वित्तीय सेक्टर को संभावित प्रणालीगत जोखिमों से बचाया जा सके। माननीय वित्त मंत्री द्वारा 13 मई, 2020 को आत्मनिर्भर पैकेज के अंतर्गत की गई घोषणाओं में से एक की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में भारत सरकार द्वारा दिनांक 01 जुलाई, 2020 को एनबीएफसी/एचएफसी के लिए 30,000 करोड़ रुपए की विशेष नकदी स्कीम आरंभ की गई है। इस स्कीम को बहुत ही सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। दिनांक 27 अगस्त, 2020 तक, 9685 करोड़ रुपए की राशि के बत्तीस (32) प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया है। 1344.5 करोड़ रुपए के वित्तपोषण की वांछना में आठ (08) प्रस्ताव प्रक्रियाधीन हैं।

2.2 राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी) परियोजनाओं से घरेलू और विदेशी निवेशकों को रूबरू कराने के लिए वित्त मंत्री द्वारा दिनांक 10 अगस्त, 2020 को राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन पोर्टल इन्वेस्ट इंडिया ग्रिड (आईआईजी) पर शुरू किया गया है। इस ऑनलाइन डैशबोर्ड की परिकल्पना उन सभी हितधारकों के लिए एक ही जगह पर समाधान उपलब्ध कराने के लिए की गई है जो नए भारत में अवसंरचना परियोजना पर सूचना पाना चाहते हैं। आईआईजी एक परस्पर संवादात्मक और क्रियाशील ऑनलाइन मंच है जो देश में अद्यतन एवं वास्तविक काल में उपलब्ध निवेश के अवसरों को दर्शाता है।

2.3 (क) 2020 में कोविड-19 के लिए सामाजिक सुरक्षा संकट प्रतिक्रिया कार्यक्रम हेतु 250 मिलियन यूरो के ऋण करार पर 21 अगस्त, 2020 को आर्थिक कार्य विभाग और के.एम.डब्ल्यू.

के बीच हस्ताक्षर किए गए। यह ऋण कोविड-19 के प्रभाव से गरीब एवं कमजोर को समन्वित और पर्याप्त सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में केंद्र और राज्य सरकारों की क्षमता को सहायता और मजबूती प्रदान करेगा।

(ख) भारत सरकार ने 31.08.2020 को जापान सरकार के साथ कोविड-19 संबंधित ऋण/अनुदानों के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निम्नलिखित प्रस्तावों से संबंधित करार पर हस्ताक्षर किए हैं:

(i) **कोविड-19 संकट प्रतिक्रिया आपातकालीन सहायता ऋण:**
स्वास्थ्य सुरक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में कोविड-19 संकट प्रतिक्रिया आपातकालीन सहायता कार्यक्रम के लिए जेपीआई का 50 बिलियन जेआईसीए ओडीए ऋण (लगभग 3500 करोड़ रुपए)।

(ii) **कोविड-19 जापान का सहायता अनुदान कार्यक्रम-आर्थिक एवं सामाजिक विकास कार्यक्रम (चिकित्सा उपकरण के प्रावधान):**
भारत में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा प्रणाली को मजबूत करने हेतु चिकित्सा उपकरण प्रदान करने के लिए जेपीवाई 1 बिलियन (लगभग 70 करोड़ रुपए) का सहायता अनुदान।

(ग) भारत सरकार ने यूरोपियन निवेश बैंक के साथ कानपुर मैट्रो परियोजना के लिए 200 मिलियन यूरो के ऋण के लिए 31.08.2020 को वित्तीय संविदा पर हस्ताक्षर किए हैं।

2.4 आरबीआई और श्रीलंका के सैन्ट्रल बैंक (सीबीएसएल) के बीच मुद्रा विनिमय समझौताः 400 मिलियन अमरिकी डॉलर में शामिल होने के लिए आरबीआई को अनापत्ति प्रेषित की गई थी।

2.5 निम्नलिखित अधिसूचनाएं जारी की गई हैं:

| क्र.सं. | अधिसूचना की तारीख | मद |
|---|---|---|
| 1. | 06.08.2020 | सेबी के अध्यक्ष पद के लिए श्री अजय त्यागी, आईएएस का कार्यकाल 18 महीनों की अवधि अर्थात, 28.02.2022 तक बढ़ा दिया गया है। |
| 2. | 21.08.2020 | अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र प्राधिकरण अधिनियम, 2019 (2019 का 50) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्र सरकार ने उक्त अधिनियम में कुछ प्रावधान किए हैं जो 21.08.2020 से लागू होंगे। |
| 3. | 31.08.2020 | अन्तर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण अधिनियम, 2019 (2019 का 50) के तहत, केंद्र सरकार ने कुछ वित्तीय उत्पादों, वित्तीय सेवाओं, "बुलियन" की परिभाषा को अधिसूचित किया है तथा वित्तीय उत्पाद तथा वित्तीय सेवाओं के विनियमन के लिए प्राधिकरण को सशक्त किया है, यथाः<br>i. बुलियन स्पॉट डिलीवरी संविदा<br>ii. बुलियन निक्षेप आवती |
| 4. | 31.07.2020 | आर्थिक कार्य विभाग ने न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारक आवश्यकताओं के साथ अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा सूचीबद्ध सार्वजनिक क्षेत्र बैंकों के लिए अगस्त, 2021 तक एक अतिरिक्त वर्ष की बढ़ोतरी हेतु प्रतिभूति संविदा (विनियम) नियम, 2020 में संशोधित किया है। |

2.6. मध्य प्रदेश शहरी सेवा सुधार परियोजना (अतिरिक्त वित्तपोषण) को 270 मिलियन अमरीकी डॉलर के ऋण के लिए 11 अगस्त, 2020 को एडीबी के साथ ऋण वार्ता रखी गई थी।

2.7. भारत सरकार तथा एनडीबी के मध्य एनडीबी के भारतीय क्षेत्रीय कार्यालय की संस्थापना के लिए हस्ताक्षर तथा सत्यापन हेतु मंत्रिमंडल द्वारा मंत्रिमंडल टिप्पणी पर विचार किया गया तथा इसे अनुमोदित किया गया। निर्णय एनडीबी को प्रेषित किया गया। एनडीबी के निदेशक मण्डल के अनुमोदन के पश्चात् करार पर हस्ताक्षर की प्रकिया पूर्ण होगी।

2.8 **अगस्त 2020 महीने में निम्नलिखित महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गई थीं:**

i. वैश्विक निवेशक सम्मेलन से संबंधित मामलों पर विचार-विमर्श करने के लिए प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने प्रधानमंत्री कार्यालय, साऊथ ब्लॉक में दिनांक 25.08.2020 को विडियो क्रॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक की अध्यक्षता की।

ii. सस्ते एवं मध्य आय आवासन हेतु विशेष विंडो के सृजन हेतु प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव ने दिनांक 28.08.2020 को विडियो क्रॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई बैठक की अध्यक्षता की थी।

iii. सामाजिक क्षेत्रों हेतु अर्थक्षमता अंतराल वित्तपोषण (वीजीएफ) की निरंतरता एवं पुनर्निर्माण के संबंध में प्रधानमंत्री के प्रधान सलाहकार ने दिनांक 25.08.2020 को एक बैठक की अध्यक्षता की थी।

iv. सचिव (आर्थिक कार्य) ने स्वर्ण मौद्रीकरण योजना (जीएमएस) एवं स्वर्ण धातु ऋण (जीएमएल) की समीक्षा करने के लिए ज्वैलरी, उनके संगठनों, रिफाइनरियों, संग्रह एवं शुद्धता परीक्षण केंद्रों (सीपीटीसी), मंदिर न्यासों, बैकों, आरबीआई, डीएफएस के हितधारकों के साथ हुई वार्ता की अध्यक्षता की थी जो कि 8.08.2020, 21.08.2020, 22.08.2020 और 24.08.2020 को आयोजित की गई थी।

v. सचिव (आर्थिक कार्य) भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड में बोर्ड सदस्य के रूप में विडियो क्रॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 14 अगस्त, 2020 को हुई 584 वीं बैठक में उपस्थित हुए।

vi. सचिव (आ.का.) ने इस विभाग से मुख्य आर्थिक सलाहकार अपर सचिव (एफएस एण्ड सीएस) और सलाहकार (एफएसएंडसीएस) के साथ आभासी प्रणाली के जरिए दिनांक 31 अगस्त, 2020 को एफएसडीसी-एससी की 25 वीं बैठक में उपस्थित हुए थे।

vii. श्री समीर खरे, अपर सचिव (एफबी एण्ड एडीबी) ने विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं हेतु दिनांक 18 अगस्त, 2020 को हुई आर्थिक कार्य विभाग की जांच समिति की 109 वीं बैठक की अध्यक्षता की थी।

viii श्री समीर खरे, अपर सचिव (एफबी एण्ड एडीबी) ने दिनांक 19 अगस्त, 2020 को एडीबी द्वारा करवाये गए दक्षिण एशिया उप-क्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (एसएएसईसी) की वार्षिक नोडल अधिकारियों की बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया जिसमें सीबीआईसी रेल मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, पर्यटन मंत्रालय और एमओआरटीएच के प्रतिनिधि शामिल थे।

ix. डॉ. शशांक सक्सेना, सलाहकार (एफएस एण्ड सीएस) ने दिनांक 20 अगस्त, 2020 को वित्तीय समावेशिता और वित्तीय साक्षरता पर तकनीकी समूह (टीजीएफआईएफएल) की 18 वीं बैठक की आभासी बैठक में उपस्थित हुए थे।

x. राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना लिमिटेड (एनआईआईएफटीएल) की 22 वीं बैठक 21 अगस्त, 2020 को आयोजित की गई थी।

xi. भारत और उज्बेकिस्तान के बीच बीआईटी वार्ता का पहला दौर डीवीसी के जरिए दिनांक 17 अगस्त, 2020 को आयोजित किया गया था।

xii. भारत एवं संयुक्त अरब अमीरात के बीच बीआईटी वार्ता का तीसरा दौर डीवीसी के जरिए दिनांक 26 अगस्त. 2020 को आयोजित हुआ था।

3. **न्यूनतम सरकार, अधिकतम अभिशासन**

विशेषकर, सूचना के प्रस्तुतीकरण में आईसीटी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**4. एसीसी के निर्देशों/आदेशों का पालन न किया जाना**

शून्य।

**5. विभाग में माह के दौरान अनुमोदित प्रस्तावों एवं अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति**

विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षा: 12

********

*अनुबंध*

## महत्वपूर्ण आर्थिक विकास
(सारणीबद्ध प्रारूप में)

| सारणी 1: निरंतर (2011-12) कीमतों (प्रतिशत) पर जीवीए की तिमाहीवार वृद्धि | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्षेत्र | 2019-20 | | | | 2020-21 |
| | तिमाही1 | तिमाही 2 | तिमाही 3 | तिमाही 4 | तिमाही 1 |
| कृषि, वानिकी और मत्स्य पालन | 3.0 | 3.5 | 3.6 | 5.9 | 3.4 |
| उद्योग | 4.2 | 0.5 | -0.3 | -0.6 | -38.1 |
| सेवाएं | 5.5 | 6.5 | 5.7 | 4.4 | -20.6 |
| **बुनियादी मूल्यों पर जीवीए** | **4.8** | **4.3** | **3.5** | **3.0** | **-22.8** |

*स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ)।*

| सारणी 2: जीडीपी के मांग में वार्षिक वास्तविक विकास और इसके घटक (प्रतिशत) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2019-20 | | | | 2020-21 |
| | तिमाही 1 | तिमाही 2 | तिमाही 3 | तिमाही 4 | तिमाही 1 |
| कुल खपत | 5.6 | 7.8 | 7.6 | 4.2 | -19.2 |
| सरकारी खपत | 6.2 | 14.2 | 13.4 | 13.6 | 16.4 |
| निजी खपत | 5.5 | 6.4 | 6.6 | 2.7 | -26.7 |
| सकल नियत पूंजीगत निर्माण | 4.6 | -3.9 | -5.2 | -6.5 | -47.1 |
| निर्यात | 3.2 | -2.2 | -6.1 | -8.5 | -19.8 |
| आयात | 2.1 | -9.4 | -12.4 | -7.0 | -40.4 |
| **बाजार कीमतों पर जीडीपी** | **5.2** | **4.4** | **4.1** | **3.1** | **-23.9** |

*स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ)।*

| सारणी 3 : मुद्रास्फीति-सीपीआई-सी, डब्ल्यूपीआई (प्रतिशत) | | | |
|---|---|---|---|
| | जुलाई-19 | जून-20 | जुलाई-20 |
| **सीपीआई-सी** | 3.15 | 6.23 | 6.93 |
| **डब्ल्यूपीआई** | 1.17 | -1.81 | -0.58 |

स्रोत: सीपीआई-सी के लिए एनएसओ और डब्ल्यूपीआई के लिए ओईए, डीपीआईआईटी

| सारणी 4 : मौद्रिक विकास | |
|---|---|
| **मद** | **14 अगस्त, 2020** |
| **नीतिगत रेपो दर** | 4.00 |
| **10 वर्ष जी-द्वितीय समान उपज (एफबीआईएल)** | 5.96 |
| **बैंक ऋण वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि #** | 5.5 |

टिप्पणी: # 31 जुलाई, 2020 की स्थिति के अनुसार

| सारणी 5 : उत्पाद व्यापार निष्पादन (सीमा शुल्क आधारित) (बिलियन अमरीकी डालर में) | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार संतुलन |
| जुलाई, 2019 | 26.3 | 39.8 | -13.4 |
| जुलाई, 2020 | 23.6 | 28.5 | -4.8 |

| सारणी 6 : सेवा व्यापार निष्पादन (बिलियन अमरीकी डालर में) | | | |
|---|---|---|---|
| जून, 2020 | 17.0 | 10.0 | 7.0 |
| स्रतोत: वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के दिनांक 16.08.2020 के प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अनंतिम आंकड़े | | | |

| सारणी 7 : भुगतान शेष | | |
|---|---|---|
| मदें | 2018-19 चौथी तिमाही | 2019-20 (पी) चौथी तिमाही |
| चालू खाता शेष (बिलियन अमरीकी डॉलर में) | -4.6 | 0.6 |
| चालू खाता शेष / जीडीपी (प्रतिशत) | -0.7 | 0.1 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | | |

| सारणी 8: विदेशी मुद्रा भंडार (बिलियन अमरीकी डॉलर में) | |
|---|---|
| मार्च, 2020 | 477.8 |
| 14 अगस्त, 2020 | 535.3 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | |

| सारणी 9 : भारतीय रुपए की विनिमय दर (विदेशी मुद्रा की प्रति इकाई रुपए) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अमरीकी डालर | पाउंड स्टरलिंग | यूरो | जापानी येन |
| 19 अगस्त, 2020 | 74.7608 | 99.1353 | 89.2828 | 70.8600 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक | | | | |

| सारणी 10 : विदेशी ऋण (बिलियन अमरीकी डालर) | | | |
|---|---|---|---|
| | मार्च, 2019 पीआर के अंत की स्थिति के अनुसार (1) | मार्च, 2020 पी के अंत की स्थिति के अनुसार (2) | प्रतिशत घटबढ़ [(2/1)-1]*100 |
| कुल बाह्य ऋण बकाया | 543.1 | 558.5 | 2.8 |